
# भारत और रूस कई क्षेत्रों में बढ़ाएगें सहयोग

## मंटुरोव ने पीएम मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, से मिलकर कर संभावनाओं को दिया आकार



**नई दिल्ली, 03 अप्रैल. रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव का दो दिवसीय भारत दौरा (2-3 अप्रैल 2026) भारतीय-रूसी संबंधों के लिए नई दिशा लेकर आया. मंटुरोव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की.**

इस दौरे में व्यापार, उद्योग, ऊर्जा और उर्वरक क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया. इसके अलावा प्रौद्योगिकी, नवाचार और जरूरी खनिजों में नई संभावनाओं की पहचान की गई.

### व्यापारिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूती

व्यापारिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूती दी, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग को भी नई संभावनाओं के साथ आकार दिया. भारत-रूस के बीच यह मुलाकात रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है. रूस के पहले उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने 2-3 अप्रैल 2026 को दो दिवसीय भारत दौरे के दौरान भारत-रूस संबंधों को नई गति दी. इस दौरान दोनों पक्षों ने व्यापार, उद्योग, उर्वरक और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की. विदेश मंत्रालय ने बताया कि मंटुरोव भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के सह-अध्यक्ष भी हैं. उन्होंने पिछले साल दिसंबर में हुए 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में तय किए गए फैसलों की प्रगति की समीक्षा की. बैठक में कनेक्टिविटी, प्रौद्योगिकी और नवाचार के नए अवसरों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया. डॉ.जयशंकर ने बताया कि इस दौरे के दौरान दोनों देशों ने वैश्विक घटनाक्रमों और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भी विचार-विमर्श किया.मंटुरोव ने प्रधानमंत्री मोदी को भारत-रूस संबंधों में हुई प्रगति और द्विपक्षीय साझेदारी के क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी. मुलाकात के दौरान व्यापार, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में नई संभावनाओं को भी रेखांकित किया गया.

## भाजपा मुख्यालय के बाहर विस्फोट मामले में दो संदिग्ध गिरफ्तार

**चंडीगढ़ 03 अप्रैल.** चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय के बाहर हुए विस्फोट मामले में पंजाब पुलिस ने दो संदिग्धों को रूपनगर (रोपड़) से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन सिंह उर्फ भोलू और गुरतेज सिंह के रूप में हुई है. दोनों रूपनगर जिले के थाना सिटी मोरिंडा के अंतर्गत गांव रत्तनगढ़ के निवासी बताए जा रहे हैं. पंजाब पुलिस की सीआईए टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया. वहीं, मोहाली पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के एक अधिकारी ने बताया कि मामला अभी जांच के अधीन है और ऑपरेशन जारी है, इसलिए फिलहाल अधिक जानकारी साझा नहीं की जा सकती.

# 11 राष्ट्रीय योजनाओं में नंबर-1 बना राजस्थान

## विकसित भारत का विजन तेजी से साकार होता दिख रहा : शेखावत

**जोधपुर, 03 अप्रैल. केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों और योजनाओं में राजस्थान के प्रथम स्थान हासिल करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार की जमकर तारीफ की हैं.**

शेखावत ने शुक्रवार को अपने बयान में इसे अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह सफलता केंद्र और राज्य के बीच मजबूत समन्वय तथा डबल इंजन सरकार की प्रभावी कार्यप्रणाली का परिणाम है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीनी



स्तर तक पहुंचाने में भजनलाल शर्मा सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मोदी सरकार का विकसित भारत का विजन राजस्थान में तेजी से साकार होता दिख रहा है. उन्होंने कहा कि जिन राष्ट्रीय योजनाओं में राज्य अव्वल है.

> उनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, जनजाति कल्याण कार्यक्रम, फिट इंडिया फ्रीडम रन 2024, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025, अंगदान एवं प्रत्यारोपण अभियान 2025, फार्मर रजिस्ट्री योजना और स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इन योजनाओं का व्यापक क्रियान्वयन यह दर्शाता है कि राजस्थान में विकास की गति तेज हुई है और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है.

# तेहरान पर यूएस -इजराइल बमबारी, 8 की मौत

- ईरान पर एयरस्ट्राइक से बढ़ा तनाव, 95 घायल



**तेहरान, 3 अप्रैल. पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने एक बार फिर खतरनाक मोड़ ले लिया है. गुरुवार को तेहरान के पास स्थित बी 1 ब्रिज पर अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए संयुक्त हवाई हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई.**

जबकि 95 से अधिक लोग घायल हो गए। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब क्षेत्र में पहले से ही तनाव चरम पर है और शांति वार्ताओं के प्रयास लगातार विफल होते दिख रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हमले का मुख्य निशाना रणनीतिक दृष्टि से अहम क्ता ब्रिज था, लेकिन इसके आसपास मौजूद आम नागरिक भी इसकी चपेट में आ गए। घटना के समय बड़ी संख्या में लोग वहां मौजूद थे, जिनमें परिवार और स्थानीय निवासी शामिल थे। हमले के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। इस हमले ने न केवल ईरान-अमेरिका-इजराइल के बीच टकराव को और बढ़ा दिया है, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया में एक बड़े युद्ध की आशंका भी गहरा दी है.

### आज का इतिहास

- 1858 – रानी लक्ष्मीबाई को अंग्रेजों से भीषण युद्ध के बाद झांसी को छोड़ना पड़ा.
- 1889 – हिन्दी जगत के कवि, लेखक, पत्रकार माखन लाल चतुर्वेदी का जन्म.
- 1904 – हिंदी सिनेमा के हरदिल अजीज गायक और कलाकार कुंदन लाल सहगल का जन्म.
- 1905 – कांगड़ा घाटी में आए भूकंप में 20,000 लोगों की जानें गईं थी.
- 1924 – उड़िया भाषा के प्रसिद्ध कवि गंगाधर मेहरे का निधन.
- 1949 – भारतीय अभिनेत्री परवीन बॉबी का जन्म.

# प्रेम और वीरता से बने बेहतर दुनिया : केजरीवाल

- केजरीवाल ने गुड फाइडे और शिवाजी को किया नमन
- अरविंद केजरीवाल ने शिवाजी और यीशु को याद किया



**नई दिल्ली, 03 अप्रैल. अरविन्द केजरीवाल ने गुड फाइडे के अवसर पर जीसस क्राइस्ट के बलिदान को याद करते हुए देशवासियों को प्रेम और शांति का संदेश दिया. साथ ही उन्होंने महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवजी महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.**

केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा कि यीशु मसीह का प्रेम, करुणा और शांति का संदेश आज भी पूरी मानवता को मार्गदर्शन देता है. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन मूल्यों को अपनाकर एक बेहतर और सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण करें. इसी के साथ उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को महान योद्धा, कुशल प्रशासक और धर्मरक्षक बताते हुए उनकी वीरता, न्यायप्रियता और देशभक्ति को देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया.

> देश में धार्मिक और ऐतिहासिक अवसरों के बीच राजनीतिक नेताओं के संदेशों का दौर जारी है. इसी कड़ी में अरविन्द केजरीवाल ने गुड फाइडे और छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर भावनात्मक संदेश साझा किया. केजरीवाल ने गुड फाइडे के मौके पर जीसस क्राइस्ट के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका प्रेम और शांति का संदेश आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक है. लोगों से अपील की कि वे इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज में सद्भाव तथा भाईचारा बढ़ाने में योगदान दें.

## समस्तीपुर में रेल लोको पायलट की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर, 03 अप्रैल.** बिहार में समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने रेल लोको पाइलट प्रमोद सहनी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि जिले के बसही भिंडी गांव निवासी रेलकर्मी लोको पायलट प्रमोद सहनी (45) गुरुवार की देर रात समस्तीपुर से ड्यूटी कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे. इस दौरान हरपुर भिंडी गांव के समीप अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी. सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है.

# कांग्रेस ने नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी




**लखनऊ, 03 अप्रैल. लखनऊ स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शिक्षक प्रकोष्ठ एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों व जिला/शहर अध्यक्षों को मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम में अविनाश पाण्डे सम्मिलित हुए.** समर्पित साथियों को उनके दायित्वों के लिए शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि वे कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के साथ शिक्षकों एवं चिकित्सकों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएँ और उनके समाधान के लिए संघर्ष करें. शिक्षा और स्वास्थ्य - दोनों ही समाज की आधारशिला हैं.

# एनसीईआरटी को डीम्ड यूनिवर्सिटी का मिला दर्जा

- डिप्लोमा के साथ डिग्री कोर्स की भी मिलेगी सुविधा
- शिक्षा मंत्रालय की ओर से अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली, 03 अप्रैल. शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है, जिसके तहत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने का दर्जा दिया गया है.**

शिक्षा मंत्रालय की नई अधिसूचना के मुताबिक अब एनसीईआरटी छात्रों को डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट प्रोग्राम जैसे कोर्स की सुविधा देगी. बता दें, यह महत्वपूर्ण कदम (एनईपी) 2020 के तहत शिक्षा और शैक्षिक अनुसंधान के प्रयासों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है. अधिसूचना के मुताबिक शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार को यूजीसी अधिनियम, 1956 धारा-3 के तहत यह अधिकार मिला हुआ है कि वे यूजीसी की सलाह पर किसी शैक्षणिक संस्थान को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दे सकें. एनसीईआरटी को एक डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा देने के लिए (एनसीईआरटी) ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा-3 के तहत आवेदन किया था.

## उत्तर प्रदेश में जल्द पूरी होगी 81 हजार पदों पर भर्ती


**लखनऊ, 03 अप्रैल.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण और जनसुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाया जाए. योगी ने गुरुवार देर रात हुई बैठक में निर्देश दिया कि वर्ष 2026 के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जाए. उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में वरीयता और आरक्षण नियमावली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे.

## मिन आंग हलिंग को म्यांमार का राष्टपति चुना गया

**नेपीडा, 03 अप्रैल.** म्यांमार के सैन्य जुंटा प्रमुख जनरल मिन आंग हलिंग को शुक्रवार को सेना के समर्थन और संघीय संसद ने औपचारिक रूप से देश का राष्ट्रपति चुन लिया. तीन नामांकित उम्मीदवारों में से श्री हलिंग ने सबसे अधिक वोट हासिल किये. उनके अलावा दो उप-राष्ट्रपतियों को भी चुना गया है. सैन्य शासन की प्रक्रिया पर पूर्ण पकड़ को देखते हुए इस नतीजे पर किसी को हैरानी नहीं हुई. फरवरी 2021 में लोकतांत्रिक सरकार का तख्तापलट कर सत्ता हथियाने वाले हलिंग पर लंबे समय से युद्ध अपराधों, मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के गंभीर आरोप लगते रहे हैं.

# कांग्रेस ने असम को घुसपैठियों का अड्डा बनाया : अमित शाह

- गोलपाड़ा जिले के दुधनोई में चुनावी रैली
- असम में लाएंगे यूसीसी



**गुवाहाटी/गोलपाड़ा, 03 अप्रैल. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गोलपाड़ा जिले के दुधनोई में चुनावी रैली को संबोधित किया.**

यहां असम से सटी मेघालय की गारो पहाड़ियों में हाल ही में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि घुसपैठियों ने आदिवासी महिलाओं से शादी करके गारो परिषद में सत्ता हथियाने की कोशिश की और इसी वजह से यह संघर्ष शुरू हुआ. गृह मंत्री ने कांग्रेस पर असम को घुसपैठियों का 'अड्डा' बनाने का आरोप लगाया.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है. उन्होंने इस रोडमैप को लागू करने के लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया. गृह मंत्री ने कहा कि असम में बीजेपी की सरकार आने पर हम यूसीसी लाएंगे और यहां कोई चार शादी नहीं कर पाएगा.

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन पीएम मोदी ने इसे बदल दिया और द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनीं.

उन्होंने कहा, केंद्र में प्रधानमंत्री हैं और यहां असम में मुख्यमंत्री हैं- दोनों के पास राज्य में आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप है. अगर लोग भाजपा को लगातार तीसरी बार जनादेश देते हैं तो इसे (रोडमैप) आगे बढ़ाया जाएगा.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

### लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने दिया जाएगा : योगी



**बरपेटा.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने दिया जाएगा. आदित्यनाथ ने असम के बरपेटा में अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू करते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार दीपक कुमार दास के समर्थन में वोट की अपील की और कांग्रेस तथा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने दिया जाएगा. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने तो चुनाव से पहले ही मैदान छोड़ दिया है, जबकि अब समय आ गया है कि %यूडीएफ को बंगाल की खाड़ी में फेंक दिया जाए।उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि राजग सरकार हर एक घुसपैठिए की पहचान करने और उसे बाहर निकालने के लिए दृढ़ संकल्पित है और राज्य की जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) को बदलने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा.

### बाहर से गुंडा लाते हैं, जजों को भी नहीं छोड़ते : ममता



**नई दिल्ली, 03 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में चुनावी कार्य के दौरान न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने और हिंसक घटनाओं के मामले ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस मामले की जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना को लेकर बीजेपी पर सख्त हमला बोला.उन्होंने कहा कि बाहर से गुंडा लाते हैं, गुंडई करते हैंज जजों को भी नहीं छोड़ते. ममता ने इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी तंज कसा.

### तमिलनाडु चुनाव : कांग्रेस ने जारी की 27 उम्मीदवारों की सूची

- प्रदेश अध्यक्ष श्रीपेरुन्थागाई सहित दिग्गज और नए चेहरे मैदान में

**चेन्नई, 03 अप्रैल.** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के सियासी रण में कांग्रेस ने अपने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है. प्रदेश अध्यक्ष के सेल्वपेरुन्थागाई को श्रीपेरंबुदूर विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है. यह सीट कांग्रेस के लिए भावनात्मक और रणनीतिक दृष्टि से अहम मानी जाती है. प्रदेश अध्यक्ष के खुद चुनाव मैदान में उतरने से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ा है. सूची में कई दिग्गज नेताओं के अलावा नए चेहरों को भी जगह दी गई है. पूर्व सांसद डॉ. ए. चेल्ला कुमार को कृष्णागिरी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है.

> पार्टी ने उम्मीदवार चयन में क्षेत्रवार जातीय समीकरण और जीतने की संभावना को ध्यान में रखा है. कांग्रेस तमिलनाडु में परंपरागत रूप से डीएमके के गठबंधन का हिस्सा रही है. इस सूची के आने के बाद राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. आगामी चुनाव में कांग्रेस की रणनीति और गठबंधन सहयोगियों के साथ तालमेल की चर्चा बढ़ गई है. तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने अपने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की है. इस सूची में प्रदेश अध्यक्ष के सेल्वपेरुन्थागाई का नाम सबसे महत्वपूर्ण है.

> श्रीपेरंबुदूर विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है. इस सीट का कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक महत्व है और प्रदेश अध्यक्ष का स्वयं चुनाव लड़ना पार्टी के लिए उत्साहवर्धक कदम माना जा रहा है. सूची में कई दिग्गज नेताओं को प्राथमिकता दी गई है, वहीं कुछ नई राजनीतिक समीकरणों को साधने के लिए नए चेहरों को भी मौका दिया गया है. पूर्व सांसद डॉ. ए. चेल्ला कुमार को कृष्णागिरी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया गया है. उनका क्षेत्र में व्यापक जनाधार और अनुभव पार्टी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

### महंगे टिकट एनआरआई वोटिंग पर असर

**तिरुवनंतपुरम.** राज्य के करीब 2.42 लाख पंजीकृत एनआरआई मतदाताओं में से बड़ी संख्या इस बार मतदान से दूर रह सकती है. ईरान से जुड़े क्षेत्रीय संघर्ष के कारण कई एयरस्पेस बंद हो गए हैं, जिससे खाड़ी देशों से भारत आने का रास्ता लंबा और महंगा हो गया है. सामान्य दिनों में 20-25 हजार रुपये में मिलने वाला टिकट अब एक लाख रुपये तक पहुंच गया है. यह खर्च खासकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के प्रवासियों के लिए वहन करना मुश्किल हो गया है.

# होर्मुज में फसे 20 हजार चालक दल के सदस्य

- वाणिज्यिक जहाजों पर हो चुके हैं 21 हमले

**नई दिल्ली, 03 अप्रैल. होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों में तेजी के बीच हजारों फंसे नाविकों की स्थिति लगातार बिगड़ने पर 40 से अधिक देशों के विदेश मंत्रियों ने वर्चुअल बैठक कर उन्हे निकालने की रणनीति बनाई.**

अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के महासचिव आर्सेनियो डोमिंगुएज ने नाविकों की सुरक्षा और समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए समन्वित वैश्विक कूटनीतिक प्रयासों की अपील की है.

### अभी तक 10 नाविकों की हो चुकी है मौत

आईएमओ के अनुसार, 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद अब तक वाणिज्यिक जहाजों पर 21 हमले हो चुके हैं, जिनमें कम से कम 10 नाविकों की मौत हो चुकी है और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। करीब 20,000 चालक दल के सदस्य अब भी क्षेत्र में जहाजों पर फंसे हुए हैं, जहां उन्हें खाद्य सामग्री की कमी, थकान और मानसिक तनाव जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच 40 से अधिक देशों के विदेश मंत्रियों को स्थिति की जानकारी एक वर्चुअल बैठक में दी गई। बैठक की मेजबानी ब्रिटेन फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस ने की. आईएमओ प्रमुख ने फंसे हुए नाविकों की सुरक्षित निकासी और मानवीय गलियारों के निर्माण के लिए तत्काल कूटनीतिक पहल की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी पक्षों से समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता बनाए रखने और नाविकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की. आईएमओ तटीय देशों के साथ मिलकर सुरक्षित क्रू रोटेशन, फंसे जहाजों की रिहाई और पर्यावरणीय जोखिमों को रोकने के लिए एक समुद्री निकासी ढांचा तैयार कर रहा है। इसके साथ ही बीआईएमसीओ और इंटरनेशनल चैंबर ऑफ शिपिंग जैसे उद्योग संगठनों के साथ समन्वय भी बढ़ाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स भी बनाई गई है, जिसका नेतृत्व श्री जॉर्ज मोरेइरा दा सिल्वा कर रहे हैं.

## फिल्म शूटिंग का नया हब बना बिहार

**पटना, 03 अप्रैल.** बिहार में 45 फिल्मों की शूटिंग को मंजूरी मिली है। ये फिल्में भोजपुरी, हिंदी, मगही और हिंदी-मैथिली जैसी कई भाषाओं में बनाई जा रही हैं. इनमें 22 हिंदी, 19 भोजपुरी ,एक मगही,एक अंग्रेजी एवं भोजपुरी,एक हिंदी एवं मैथिली फिल्में शामिल हैं. बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड की ओर से वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए जारी सूची के अनुसार कुल 45 फिल्मों/प्रोजेक्ट्स की शूटिंग बिहार में की जा रही है. इनमें 38 फीचर फिल्में, छह डॉक्यूमेंट्री और एक वेब सीरीज हैं.

**मौसम** | हिमाचल-जम्मू में हिमस्खलन चेतावनी, मैदानी इलाकों में बारिश

# पहाड़ों में हिमस्खलन का खतरा, 9 राज्यों में अलर्ट



**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/शिमला, 03 अप्रैल. देशभर में मौसम ने अचानक करवट ले ली है, जिससे पहाड़ी से लेकर मैदानी इलाकों इलाको में तूफान के साथ ओले पड़ने लगे हैं.**

मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में एवलांच की आशंका जताई गई है। पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी और हिमस्खलन की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है. हिमाचल के अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल इलाके में पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है, जबकि जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं मैदानी इलाकों में तेज हवाओं, बारिश और ओलों ने जनजीवन प्रभावित किया है.

> देश के कई हिस्सों में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर में हिमस्खलन का खतरा बढ़ गया है, जबकि मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में बारिश और तेज हवाओं का असर देखा जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल क्षेत्र में एवलांच के खतरे को देखते हुए पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। वहीं जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में प्रशासन ने लोगों को बर्फीले और पहाड़ी इलाकों में जाने से बचने की सख्त सलाह दी है.